सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीतिअपार्टमेंट ,आई.पी.एक्सटेंशन,

पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२६

कक्षा:- तीन **विषय:हिंदी** **पाठ:-३ (श्रवण कुमार)**

कठिन शब्द

१.तीर्थ यात्रा

२. पुत्र

३. काँवर

४. अमुक

५. अयोध्या

६. कराहना

७. दशरथ

८. संदेह

९. बैचेन

१०. वियोग

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

प्रश्न -१ श्रवण कुमार काँवर को कंधे पर रखकर कहाँ गए?

उत्तर - श्रवण कुमार काँवर को रखकर तीर्थयात्रा पर गए।

प्रश्न -२ हिरन के शिकार के लिए राजा कहाँ छिपे थे ?

उत्तर - हिरन के शिकार के लिए राजा झाड़ी में छिपे थे।

प्रश्न -३ श्रवण कुमार ने राजा को क्या कहा ?

उत्तर - श्रवण कुमार ने राजा को कहा कि मेरे माता-पिता अंधे हैं,वे पेड़ के नीचे प्यासे बैठे हैं । आप उन्हें यह पानी पिला दे।

प्रश्न -४. आप अपने माता-पिता की सेवा कैसे करते हैं ?

उत्तर - हम अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करके और उनके सामने ज़िद ना करके उनकी सेवा कर सकते हैं।

3. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करें -

क) पुत्र - बेटा

वाक्य - राजा दशरथ के चार पुत्र थे।

ख) तीर - बाण

वाक्य - तीर श्रवण कुमार की छाती में लगा।

ग) संदेह - शंका

वाक्य - रोहन को संदेह है कि मोहन ने ही चोरी की है ।

घ) वियोग - अलगाव

वाक्य - राजा दशरथ पुत्र के वियोग में स्वर्ग सिधार गए।